महासमुंद ज़िले का 'खाकी के रंग स्कूल के संग' कार्यक्रम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल

चर्चा में क्यों?

20 सितंबर, 2022 को छत्तीसगढ़ के महासमुंद ज़िले में पुलिस द्वारा प्रायोजित 'खाकी के रंग स्कूल के संग'कार्यक्रम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल कर लिया गया है।

प्रमुख बिंदु

- ज़िले के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल और उनकी टीम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया हेड डॉ. मनीष विश्नोई द्वारा सम्मानित किया गया।
- गौरतलब है कि साइबर अपराध के प्रति आमजनों में जागरूकता लाने के लिये यह कार्यक्रम चलाया गया। इसमें मात्र दो माह में ही 20 हज़ार से अधिक स्कूली बच्चों के मध्य साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है।
- महासमुंद पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता के लिये बनाए गए वीडियो को लॉन्च किया गया। इस वीडियो को व्यापक जन- सराहना मिल रही है।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप महासमुंद पुलिस द्वारा 'खाकी के रंग स्कूल के संग'कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके सिखाए जा रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/khaki-ke-rang-school-ke-sang-program-of-mahasamund-district-included-in-the-golden-book-of-world-records